प्रेस नोट
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 10.06.2024

- **थाना नई मण्डी पुलिस की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड में 02 शातिर गौकश अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार, गौकशी के 01 अभियोग का सफल अनावरण–**

दिनांक 09.06.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. सहजान पुत्र जीशान व 2. आरिफ पुत्र मुबारिक निवासीगण जबरदस्तपुर थाना कोतवाली रूडकी, हरिद्वार को दौराने पुलिस मुठभेड़ ग्राम बागोवाली के जंगल से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 03 रास जिंदा गौवंश, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर, 01 महिन्द्रा पिक–अप बिना नम्बर व गौकशी के उपकरण बरामद किए गए। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 229/2024 धारा 307 भादवि व 3/5/8 गौवध अधिनियम व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **थाना रामराज पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रूप्ये का ईनामी/वांछित अभियक्त घायल/गिरफ्तार–**

दिनांक 09.06.2024 को निरीक्षक सुभाष अत्री मय टीम व थानाध्यक्ष रामराज श्री दीपक चौधरी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त सुमित रैदास पुत्र राजकरन उर्फ राजू निवासी ग्राम जाटान खानपुर थाना झिंझाना जनपद शामली को दौराने पुलिस मुठभेड़ टिकौला नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल नम्बर यूपी 15 सीडब्लू 9061 व 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 52/2024 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 09.06.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री यशपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त लक्की पुत्र अनिल निवासी टटीरी थाना कोतवाली नगर, बागपत को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 चाकू व 03 मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी बरामद किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 176/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

- **<u>थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 10.06.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र सिंह नागर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. अमन उर्फ बालर पुत्र इलियास निवासी आबादी ताहरी वाली गली किदवई नगर थाना कोतवाली नगर हाल पता खालापार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर व 2. शाहनजर पुत्र अकरम निवासी किदवई नगर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को पेठा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 चाकू नाजायज बरामद किए गए। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 171/2024 धारा 4/आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।